हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 निःशुल्क 150 हेलमेट वितरित, सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति पर...



12 बच्चों ने मंडप सजाकर रचाया पुतरा-पुत्री का विवाह



छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# अब बिना ऑनलाइन नक्शा बटांकन के नहीं होगा जमीन का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में भूमि विवादों, सीमांकन और बटांकन से जुड़ी बढ़ती समस्याओं को देखते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने एक अहम और प्रभावी निर्णय लिया है। अब जिला अंतर्गत आने वाले ग्रामों में बिना विधिवत ऑनलाइन नक्शा बटांकन के किसी भी प्रकार का जमीन पंजीयन नहीं किया जाएगा।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि जिले में ऑनलाइन पंजीयन के बाद स्वतः नामांतरण की प्रक्रिया लागू है, लेकिन कई मामलों में केवल पटवारी के नजरी नक्शा के आधार पर दस्तावेज तैयार किए जा रहे थे। इस कारण भविष्य में जमीन के रकबे और सीमांकन को लेकर गंभीर त्रुटियां सामने आने की आशंका बनी रहती है, जिससे पक्षकारों के बीच विवाद और न्यायालयीन प्रकरण बढ़ते हैं।

इसी स्थिति को सुधारने के लिए यह स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है कि परिवर्तित शीट भूमि और बटांकन योग्य खसरों को छोड़कर अन्य किसी भी राजस्व भूमि का पंजीयन अब बिना ऑनलाइन नक्शा बटांकन के नहीं होगा। केवल नजरी नक्शा के आधार पर पंजीयन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

यह निर्णय आम नागरिकों के हित में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जो न केवल प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि लोगों को भूमि संबंधी परेशानियों से भी बड़ी राहत दिलाएगा।

### जिले में राजस्व अभिलेखों की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी : कलेक्टर



#### न्यायालयीन मामलों में कमी आएगी : मिश्रा



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि इस फैसले से जिले में राजस्व अभिलेखों की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। साथ ही जमीन खरीदने वाले लोगों को पंजीयन के बाद नक्शा बटांकन के लिए बार-बार पटवारी और आरआई कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था से भूमि के अवैध विकास और अनियमित बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा और भविष्य में राजस्व विवादों तथा न्यायालयीन मामलों में कमी आएगी।

## खबर संक्षेप

### महिला आरक्षण : आज कांग्रेस की पत्रकारवार्ता

**धमतरी।** महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज 20 अप्रैल सोमवार को प्रातः 11 बजे राजीव भवन में पत्रकारवार्ता आयोजित की जाएगी। पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, क्षेत्र के विधायक, पूर्व विधायक एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे और महिला आरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देंगे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 21 को

**नगरी।** दानवीर भामाशाह जयंती पर युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी सिहावा द्वारा 21 अप्रैल मंगलवार को साहू सदन नगरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मुख्य रूप से जिला चिकित्सालय धमतरी एवं सीएचसी नगरी के चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक रक्तदाता को विशेष गिफ्ट सम्मान स्वरूप प्रदान किया जाएगा। आयोजन की तैयारी में चन्द्रभान साहू, दीपेश साहू, विकास साहू, दीपक साहू, पुनेश्वर साहू, लक्ष्मीकांत साहू, थानसिंग साहू, तुकेश्वर साहू, योगेश साहू जुटे हुए हैं। यह जानकारी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सचिव योगेश साहू, उपाध्यक्ष रोशन साहू ने दी है।

### आत्मानंद स्कूल गोकुलपुर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**धमतरी।** जिले के गोकुलपुर स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नए शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कक्षा पहली से बारहवीं तक रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 10 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 5 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि रिक्त सीटों के विरुद्ध अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो चयन प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। कक्षा पहली में प्रवेश के लिए छात्रों की आयु 31 मई 2026 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच निर्धारित की गई है। वहीं कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को महतारी दुलार योजना के अंतर्गत प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा।

## परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा में 38 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित

# तैयारी परिवहन अधिनियम की थी, पूछे गए स्थानीय स्तर के प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा में परिवहन अधिनियम, सड़क सुरक्षा, सड़कों की जानकारी जैसे प्रश्न पूछे नहीं गए। विज्ञान, गणित, इतिहास, जनरल नॉलेज के प्रश्नों की भरमार थी, जिसके चलते परीक्षार्थी घूम गए। अधिकांश परीक्षार्थियों ने पेपर खराब बनने की समस्या बताई।

व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने रविवार को परिवहन आरक्षक पद के लिए लिखित परीक्षा ली। परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक हुई। इस परीक्षा के लिए युवा महीनों से तैयारी कर रहे थे। उनकी तैयारी परिवहन अधिनियम सहित अन्य यातायात संबंधी जानकारियों पर आधारित थी, लेकिन इस परीक्षा में परिवहन अधिनियम, यातायात से संबंधित गिने चुने ही प्रश्न पूछे गए। अधिकांश प्रश्न स्थानीय जानकारियों से संबंधित था। जैसे पंडवानी के कयालिक शैली के लोक कलाकार कौन है। सरहुल पर्व कौन से जनजाति द्वारा मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ की पश्चिमी सीमा पर कौन सी श्रेणी है। बोधघाट परियोजना किस नदी पर है, जैसे छत्तीसगढ़ प्रदेश से जुड़े प्रश्नों की अधिकता थी। परीक्षार्थियों ने बताया कि इन विषयों पर उन्होंने तैयारी तो की थी, लेकिन परिवहन आरक्षक भर्ती की परीक्षा होने के कारण उन्होंने यातायात संबंधी विषयों पर फोकस किया था। इन विषयों पर आधारित प्रश्न नाममात्र थे, जिसके चलते उनका पेपर उतना अच्छा नहीं बन पाया, जितना उन्हें उम्मीद थी।

#### बड़ी संख्या में परीक्षार्थी रहे गायब

इस परीक्षा के लिए धमतरी में 20 केन्द्र बनाए गए। इस परीक्षा के लिए 5 हजार 219 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इसमें से 1878 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे जहां 3 हजार 341 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। इतनी बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों का गायब रहना भी बड़ा सवाल खड़ा करता है। उल्लेखनीय है कि परीक्षा को लेकर ड्रेस कोड भी जारी किया गया था। चटक रंग वाले कपड़े आदि प्रतिबंध लगाया गया था। कई कड़े नियम भी लागू किए गए थे।

#### कई परीक्षार्थी वंचित

दूरदराज के परीक्षार्थी सुबह 7 बजे से ही परीक्षा केन्द्रों में पहुंच गए थे। कुछ परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र ढूंढने में दिक्कतें हुई। धमतरी में कई ऐसे स्कूल हैं, जहां पर गेट पर स्कूल का नाम ही नहीं लिखा है। बाहर से आने वाले छात्रों को इन स्कूलों को खोजने में परेशानी हुई। इस परीक्षा में छात्रों को ऐसी परेशानी उठानी पड़ी। नगर निगम स्कूल को खोजते हुए एक अभ्यर्थी तो कुरूद पहुंच गया। जब लौटकर वह निगम स्कूल पहुंचा तो परीक्षा में एंट्री का समय निकल गया था। उसे परीक्षा से वंचित होना पड़ा।

## वाहन अनियंत्रित होकर दुकान में घुसा, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

- बस स्टैंड क्षेत्र में मची अफरा-तफरी



बस स्टैंड क्षेत्र में रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जहां एक वाहन अनियंत्रित होकर सीधे दुकान में जा घुसा। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 10 निवासी घंशू विश्वकर्मा पिता घुरूव अपने वाहन क्रमांक सीजी 05 डब्ल्यू 9391 से जंगलपारा नगरी से रोज की तरह सुबह लगभग 6:30 बजे दो बोरी कोयला लेकर लौट रहे थे।

बताया जा रहा है कि बस स्टैंड के पास पहुंचते ही वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और पूजा वस्त्रालय की दुकान में जा घुसा जिससे घर के दरवाजे टूट गए। इस दुर्घटना में चालक घंशू लोहार के सिर एवं पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से घायल को तत्काल सिविल अस्पताल नगरी में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घंशू विश्वकर्मा पेशे से लोहार हैं और प्रतिदिन सुबह कोयला लाने का कार्य करते हैं। वाहन के अनियंत्रित होने को दुर्घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है। घटना के बाद बस स्टैंड क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। डॉक्टर नेताम द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोट आने के घायल को जिला अस्पताल धमतरी रिफर कर दिया गया है।

# ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग से मचा हड़कम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- शांति कॉलोनी चौक की घटना

शनिवार की देर रात्रि शांति कॉलोनी चौक के पास स्थित ट्रांसफार्मर में भीषण आग लग गई। समय रहते दमकल की टीम द्वारा आग पर काबू पा लेने से बड़ी घटना टल गई।

गर्मी सीजन के चलते तापमान में रोजाना वृद्धि होती जा रही है जिसके कारण बिजली की खपत भी बढ़ गई है जिसका सीधा असर ट्रांसफार्मर पर पड़ रहा है। ज्यादा भार पड़ने के कारण ट्रांसफार्मरों में आग लगने की घटना भी सामने आ रही है। कुछ इसी तरह की घटना शनिवार की रात्रि लगभग12 बजे सिहावा रोड की शांति कालोनी चौक के पास हुई। इस क्षेत्र में निरंतर विद्युत आपूर्ति के लिये बिजली विभाग द्वारा फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। रात्रि में अचानक ट्रांसफार्मर में भीषण आग भड़क उठी। आग की लपटों ने पूरे ट्रांसफार्मर को अपने घेरे में ले लिया। अचानक हुई भीषण आगजनी की घटना से आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया। लोग तत्परता दिखाते हुए आग को बुझाने का प्रयास कर रहे थे। सूचना पर विद्युत विभाग ने तत्काल बिजली की सप्लाई बंद की। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू करने का प्रयास शुरू कर किया। काफी मशक्कत के बाद फायर फाइटरों ने आग को नियंत्रित किया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।



## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 9 मई से

**धमतरी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष भी 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 9 मई से 8 जून तक जिला मुख्यालय में किया जा रहा है। शिविर में ओलंपिक, एशियन गेम्स एवं कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल खेलों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि प्रतिभागियों को उच्च स्तर की खेल जानकारी और प्रशिक्षण मिल सके। इस पहल से न केवल खिलाड़ियों की कौशल क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि जिले में खेल का माहौल भी मजबूत होगा और नए खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। शिविर में जूनियर वर्ग के बालक-बालिकाएं (30 जून 2026 की स्थिति में) भाग ले सकेंगे। प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन सुबह 6:30 से 8:30 बजे तक और शाम 5:30 से 7:30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

# सड़क हादसे में मामा के बाद घायल भांजे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- डीपीएस स्कूल के पास हुआ था हादसा



सप्ताह भर पहले नेशनल हाईवे में डीपीएस स्कूल के पास बाइक के दुर्घटनाग्रस्त होने से मामा की मौत होने के बाद घायल भांजे ने भी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

उल्लेखनीय है कि बीते 12 अप्रैल की शाम गिरौद थाना मगरलोड निवासी भूपेंद्र साहू धमतरी में कामकाज निबटाकर बाइक से ग्राम बोड़रा गया, जहां से दो भाई सुमीत साहू 12 वर्ष व सूर्यकांत साहू उम्र 10 वर्ष पिता राजकुमार व अपने भांजे ग्राम लिमतरा निवासी डिकन साहू पिता नोहर उम्र 10 वर्ष जो कक्षा चौथी का छात्र है, को बाइक में बिठाकर शादी कार्यक्रम में ग्राम भेंड्री जाने निकला था। नेशनल हाईवे से गुजरते समय डीपीएस स्कूल के आगे बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में बाइक में सवार युवक सहित तीनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर वरदान एंबुलेंस की मदद से घायल भूपेंद्र को जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना में घायल तीनों बच्चों को उपचार के लिए एकता अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में घायल डिकन की शनिवार की रात्रि अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने रविवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### कांग्रेस का नगर पंचायत आमदी घेराव आज

**धमतरी।** क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और नपं की कथित लापरवाही के विरोध में कांग्रेस द्वारा 20 अप्रैल सोमवार को सुबह 10 बजे नगर पंचायत आमदी का घेराव किया जाएगा। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं को लेकर लोग परेशान हैं। साफ-सफाई, पेयजल, सड़क एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में कमी को लेकर जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कई बार शिकायत और मांग उठाने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने से लोगों में आक्रोश है।




## इस सत्र में हुआ 9 कैंपस ड्राइव, 36 छात्रों का हो चुका है प्लेसमेंट

# सोलर कंपनी में सर्विस देंगे पालीटेक्निक कॉलेज के 10 छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कैम्पस ड्राइव में पालीटेक्निक कॉलेज के 10 छात्रों का चयन हुआ। ये छात्र आईकॉन सोलर एनर्जी पावर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में सर्विस देंगे। इस शिक्षण सत्र का यह 9वां कैंपस इंटरव्यू था। अब तक यहां के 36 छात्रों का प्लेसमेंट हो चुका है। 3 कम्पनियों से सिलेक्शन लिस्ट आना बाकी है।

भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में आईकॉन सोलर एनर्जी पावर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर के लिए कैंपस ड्राइव का आयोजन शनिवार को किया गया। इस कैंपस ड्राइव में मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस ड्राइव में कुल 30 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की, जिनमें से 10 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। आईकॉन सोलर एनर्जी पावर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड रायपुर एक सोलर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है, जो ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत एक उभरती हुई संस्था है। कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 में यह संस्थान का 9वां कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव है। अब तक कुल 36 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हो चुका है, जबकि 3 कंपनियों का परिणाम अभी प्राप्त होना शेष हैं। इस सत्र में औसत वेतन पैकेज लगभग 3.03 लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा है। आईकॉन सोलर एनर्जी पावर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड ⏩ शेष पेज 10 पर

### मेडिटेशन से करें मन को एकाग्र



कंपनियों में काम के दौरान कई प्रकार का प्रेशर झेलना पड़ता है। ऐसे में कई छात्र परेशान होकर नौकरी छोड़ देते हैं, इससे उनके करियर पर असर पड़ता है। इन छात्रों को माइंड मैनेजमेंट के गुर सिखाने और समग्र विकास के लिए भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक में रविवार को विशेष ध्यान (मेडिटेशन) सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों में एकाग्रता, मानसिक शांति एवं सकारात्मक सोच का विकास करना था। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुमार गजेन्द्र एवं श्रीमती कुलेश्वरी गजेन्द्र द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को ध्यान के विभिन्न सरल एवं प्रभावी तरीकों की जानकारी दी तथा नियमित अभ्यास के महत्व को समझाया। सत्र के दौरान छात्रों को श्वास-प्रश्वास तकनीक, मन को नियंत्रित करने के उपाय एवं तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया गया। मौके पर कार्यक्रम अधिकारी कुंदन कुमार, तरजन मरकाम एवं एसके गजेन्द्र की उपस्थिति रही।

